मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 175
गुरुवार, 09 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in


# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मार्च तक 1.5 लाख रुपये का कैशलेस उपचार मिलेगा: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, 08 जनवरी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि भारत सरकार मार्च तक सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार प्रदान करने वाली एक राष्ट्रव्यापी योजना शुरू करेगी। इस पहल के तहत, पीड़ित दुर्घटना के बाद सात दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक के चिकित्सा उपचार के लिए पात्र होंगे। यह योजना सभी प्रकार की सड़कों पर मोटर वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को कवर करेगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण पुलिस, अस्पतालों और राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ कार्यक्रम के कार्यान्वयन की देखरेख करेगा। यह एक आईटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से संचालित होगा जो सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के ई-विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट एप्लिकेशन को NHA की लेनदेन प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकृत करता है।

यह पहल 14 मार्च, 2024 को चंडीगढ़ में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई और बाद में इसे छह अन्य राज्यों में विस्तारित किया गया। इसका लक्ष्य दुर्घटना के बाद महत्वपूर्ण सुनहरे घंटे के दौरान समय पर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करना है। प्रेस को संबोधित करते हुए, गडकरी ने सड़क सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें पायलटों के लिए



नियमों के समान वाणिज्यिक चालकों के लिए काम के घंटे को विनियमित करने के लिए नीतियां विकसित करना, चालक की थकान से निपटना शामिल है - जो घातक दुर्घटनाओं का एक महत्वपूर्ण कारण है। उन्होंने देश में 22 लाख ड्राइवरों की कमी को भी स्वीकार किया।विषयों में वाहन स्क्रैपिंग नीति में तेजी लाना, PUCC 2.0 का राष्ट्रव्यापी कार्यान्वयन, इर-श्क्कमानदंडों के लिए समयसीमा और प्रदूषण को कम करने पर उनके अपेक्षित प्रभाव शामिल थे। गडकरी ने भारत भर में चालक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की, इन केंद्रों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन और एकीकृत बुनियादी ढांचे के लिए अतिरिक्त लाभ। उन्होंने नए नियमों के माध्यम से ई-रिक्शा सुरक्षा में सुधार के महत्व पर जोर दिया।

कार्यशाला के दौरान चर्चा किए गए अन्य उपायों में ट्रकों के लिए उन्नत चालक सहायता प्रणाली शुरू करना, वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप का सख्त प्रवर्तन और महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस को लागू करना शामिल था। मार्च 2025 तक, सभी फेसलेस सेवाओं को देश भर में पूरी तरह से एकीकृत किए जाने की उम्मीद है।

# दिल्ली में अलग-थलग पड़ी कांग्रेस, केजरीवाल को मिला इंडिया ब्लॉक का समर्थन

**नई दिल्ली, 08 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले इंडिया गुट की एकता कमजोर होती दिख रही है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को 5 फरवरी को होने वाले आगामी चुनावों में आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन दे दिया है। टीएमसी का समर्थन एक दिन बाद आया है अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय राजधानी में भगवा खेमे के खिलाफ आप को समर्थन की पेशकश की। विशेष रूप से, कांग्रेस और आप राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं, लेकिन वे दिल्ली चुनाव में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी की सभी 70 विधानसभा सीटों पर भी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा, सूत्रों ने बताया कि शिव



सेना (यूबीटी) अगले कुछ दिनों में अरविंद केजरीवाल और आप के समर्थन में प्रचार करने की योजना बना रही है। केजरीवाल उद्धव ठाकरे के संपर्क में हैं। विशेष रूप से, आप ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन करने के बाद आगामी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का विकल्प चुना है। सत्तारूढ़ AAP ने 2015 और 2020 के चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटों के साथ जीत हासिल की और राजधानी में हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखा है।

एक्स पर एक पोस्ट में, केजरीवाल ने कहा कि वह आप को समर्थन देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के व्यक्तिगत रूप से आभारी हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में अअढ को समर्थन देने की घोषणा की है।

# आतंक मुक्त और भय मुक्त जम्मू-कश्मीर सरकार का दृढ़ संकल्प: मनोज सिन्हा

**कश्मीर, 08 जनवरी।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आतंक मुक्त और भय मुक्त जम्मू-कश्मीर सरकार का दृढ़ संकल्प है। उपराज्यपाल ने आगाह किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरणों जैसी आधुनिक तकनीक ने सुरक्षा परिदृश्य को बदल दिया है और इस बात पर प्रकाश डाला कि गलत सूचना और डीपफेक जैसी चुनौतियां प्रमुख चिंता का विषय बनी हुई हैं।

उन्होंने उधमपुर में पुलिस अकादमी में परिवीक्षाधीन पुलिस उपाधीक्षकों की पासिंग आउट परेड में भाग लेने के दौरान कहा, आतंक मुक्त और भय मुक्त जम्मू-कश्मीर हमारा संकल्प है। अभियानगत स्तर पर, हमने पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय में सुधार किया है और आतंकवादी और अलगाववादी इको सिस्टम को खत्म करने के लिए पूरी सरकार ने समग्र रुख अपनाया है। उपराज्यपाल ने उत्तीर्ण होने वाले सभी 61 पुलिस अधिकारियों को बधाई दी तथा उनसे ईमानदारी,



समर्पण और पेशेवर रुख के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, आज से राष्ट्र आपको आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने, आतंकवाद से निपटने, कानून के शासन को बनाए रखने और लोगों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपता है। मैं आपके हर मिशन में सफलता की कामना करता हूं। उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के उन बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। सिन्हा ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सतर्क निगरानी सुनिश्चित करने और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तकनीकी उपकरणों के प्रभावी उपयोग का आह्वान किया।

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एक यात्री के पास से 29 लाख रुपये का सोना बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री के पास से 29 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया है। यात्री ने कपड़ों के बटन में सोना छिपाया हुआ था। सीमा शुल्क विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि आरोपी सोमवार को सऊदी अरब के जेद्दा से यहां आया था, जिसके बाद उसे रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अधिकारियों ने स्पॉट प्रोफाइलिंग तकनीक के जरिए ग्रीन चैनल निकास पर यात्री को चिह्नित किया। उसके सामान की जांच करने पर संदिग्ध तस्वीरें सामने आईं। उसने कहा, यात्री किसी भी तरह की आवाज हुए बिना डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर)को पार कर गया था।

# मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार

**नई दिल्ली, 08 जनवरी।** फ्री बीज यानी मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। जजों के वेतन में परेशानी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। जस्टिस गवई की बेंच ने राज्य सरकारों पर टिप्पणी की है। चुनावी वादों के लिए सरकारों के पास पैसा है लेकिन जजों को सैलरीदेने में परेशानी हो रही है। फ्री बीज के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार ऐसे समय में सामने आई है जब पूरे देश में अलग अलग राज्यों में मुफ्त की योजनाओं की बहार आई हुई है और दिल्ली चुनाव में भी सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी अपनी ओर से अपने अपने वादे और दावे किए हुए हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी काफी मायने रखती है और जजों को



सैलरी देने में परेशानी की बात कही गई है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले चाहे कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी बिजली-पानी मुफ्त की बात लगातार कही जा रही है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों के वेतन में परेशानी आ रही है। लेकिन आपको इससे कोई मतलब नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे। शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुफ्त की रेवड़ी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनी हुई है। हालांकि कोई भी राजनीतिक पार्टी इसमें पीछे नहीं रहती है। अलग अलग प्रदेश में राज्य सरकारों की ओर से इसको लेकर ऐलान किया गया। मुफ्त में चीजें बांटने का इसका फायदा निश्चित तौर पर राजनीतिक पार्टियों को भी हुआ है।

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती : योगी

**लखनऊ, 08 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की



जा सकती। यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया।













# दिल्ली के चुनाव आप के लिये परीक्षा की घड़ी



-ललित गर्ग

देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। आप दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है?

चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। आप तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए आप ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। रेवड़ी पर चर्चा जैसी मुहिम से आप हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन आप के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। शीश महल विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि आप की उलटी गिनती तो शुरू हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है।

दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली आप ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन आप ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ.49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए आप ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफी रोचक होने वाला है लेकिन यह आप के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरजोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये ह्यआप-दाह्न यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले आप की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकार की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए आप सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है। यही नहीं, दिल्ली नगर निगम में दशकों से कायम उसकी सत्ता भी छिन चुकी है। ऐसे में इस टीस को वह इस विधानसभा चुनाव में जरूर दूर करना चाहेगी और इसके लिये उसकी तैयारी भी केजरीवाल के लिये संकट का बड़ा कारण है। विश्लेषकों का कहना है कि यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे और सबसे ज्यादा, आम आदमी पार्टी के भविष्य को भी तय करेंगे।

दिल्ली की यह चुनावी लड़ाई इस मायने में खास नहीं कही जाएगी कि इस बार भी वही तीनों दल प्रमुखता से मैदान में हैं, जो पिछले चुनावों में थे। आप के अस्तित्व में आने के बाद से यहां त्रिकोणिय मुकाबला ही हो रहा है। यह अलग बात है कि इस अपेक्षाकृत नई पार्टी ने एक बार वर्चस्व स्थापित होने के बाद यहां अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी। पिछले दो चुनावों में उसे दिल्ली की जनता से शानदार बहुमत मिला। नई और दो राज्यों में सत्तारुढ़ होने के बावजूद आप ने मुफ्त की संस्कृति एवं आक्रामक शैली की राजनीति से अपनी अलग पहचान बनाई है। इस आक्रामकता एवं मुफ्त की संस्कृति ने जहां आप को नई धार दी है, ताकत दी, पहचान दी वहीं अन्य दलों के साथ उसके संबंधों को भी सहज-सामान्य होने से रोका है। धीरे-धीरे उसकी यही ताकत उसकी कमजोरी बनती जा रही है। भाजपा एवं कांग्रेस भी उस पर हमले करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। इसमें खास बात सिर्फ यही है कि छह महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आप दोनों ही विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन में शामिल थे और भाजपा पर संयुक्त हमला कर रहे थे। जाहिर है, इनके बीच की तीखी बयानबाजी इंडिया गठबंधन के अंदर असहजता पैदा कर रही है और शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल इससे संयम बरतने की अपील भी कर चुके हैं। जिस तरह से विधानसभा चुनाव-2025 लड़ा जा रहा है, उससे साफ है कि नतीजा चाहे जो भी हो उसके निहितार्थ दूर तक जाएंगे। दिल्ली की सत्ता ह्यआपह्न के आंतरिक समीकरण के लिहाज से भी अहम है। ऐसे में वह हर हाल में अपनी कामयाबी दोहराना चाहेगी। लेकिन इस चुनाव में परीक्षा सिर्फ इन राजनीतिक पार्टियों की नहीं, बल्कि दिल्ली के मतदाताओं की भी होगी कि वे अपनी समस्याओं के प्रति कितनी सजगता दिखाते हैं? इस बार दिल्ली की जनता को अपने हित की बजाय दिल्ली के हित में सोचना है। देखना है कि क्या जनता स्वहित के चलते आधे इंजन की सरकार बनायेगी या दिल्ली के समग्र एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन के लिये डबल इंजन की सरकार बनायेगी।

# विदेशों में बढ़ रही है भारतीय मूल के लोगों की राजनीतिक सरगर्मी



अशोक भाटिया

विदेशों में भारतीय मूल के लोगों की राजनीति सरगर्मी व उनकी विश्वसनीयता तेजी से बढ़ रही है ।उसकी ताजा मिसाल है कनाडा में होने वाले हालिया चुनाव । खबरों के अनुसार भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद प्रधानमंत्री पद की एक मजबूत दावेदार हैं। बता दें जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों का देहांत हो चुका है) इंडियन फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं झ गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और रिसर्चर हैं।

आनंद 1985 में ओंटारियो चली गईं। उन्होंने और उनके पति जॉन ने अपने चार बच्चों का पालन-पोषण ओकविले में किया। आनंद ने अपने करियर के दौरान अब तक कई पदों पर काम किया है। वह पहली बार 2019 में ओकविले के लिए संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। उन्होंने 2019 से 2021 तक सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में कार्य किया और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया। सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में, आनंद ने कोविड-19 महामारी दौरान कनाडाई लोगों के लिए वैक्सीन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और रैपिड टेस्ट सुरक्षित करने के लिए अनुबंध वार्ता का नेतृत्व किया। अनीता जब राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बनीं, तो उन्होंने सेना में यौन दुराचार के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान कीव को व्यापक सैन्य मदद के साथ-साथ यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए कर्मियों की व्यवस्था भी की। सितंबर 2024 में, अनीता आनंद को ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष के पद के अलावा परिवहन मंत्री भी नियुक्त किया गया। राजनीति के अलावा अनीता आनंद की पहचान एक विद्वान, वकील और रिसर्चर की रही है। वह टोरंटो यूनिवर्सिटी में कानून की प्रोफेसर रही हैं जहां उन्होंने इनवेस्ट प्रोटक्शन और कॉर्पोरेट गवर्नेंस में जेआर किंबर चेयर का पद संभाला था। आनंद ने एसोसिएट डीन के रूप में कार्य किया है और मैसी कॉलेज के गवर्निंग बोर्ड की सदस्य भी रही हैं। वह कैपिटल मार्केट्स इंस्टीट्यूट, रोटमैन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में नीति और अनुसंधान की निदेशक रही हैं। उन्होंने येल लॉ स्कूल, क्वीन्स यूनिवर्सिटी और वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में भी कानून पढ़ाया है। अनीता आनंद ने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से राजनीतिक अध्ययन में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), डलहौजी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ लॉ और टोरंटो यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की है।

कनाडा की अनीता आनंद पहली भारतीय मूल की महिला नहीं है जो किसी दूसरे देश में शीर्ष पद पर पहुचने की तैयारी कर रही है इसके पहले भी भारतीय मूल के कई लोग है जो विदेशों में अपने भारतीय मूल का डंका बजा चुके है।

हम विदेशों में अपने भारतीय मूल के लोगों का इतिहास देखे तो अमेरिका के सबसे संपन्न और पढ़े लिखे समुदायों में भारतवंशी शीर्ष पर हैं। गौर करने वाली बात ये है कि अब भारतवंशी, अमेरिकी राजनीति में भी अपनी पकड़ बना रहे हैं और बड़ी संख्या में चुनावी राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं। अमेरिका में अभी विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के साथ ही स्थानीय निकाय के चुनावों में तीन दर्जन से भी ज्यादा भारतवंशी उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों के राजनीति में रुझान को इसी बात से समझा जा सकता है कि भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा है कि 'अगर आप खाने की मेज पर नहीं बैठे हैं तो फिर इसका मतलब है कि आप मेन्यू का हिस्सा हैं।' कैलिफोर्निया में स्थानीय निकाय चुनाव हो रहे हैं और इन चुनाव में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के लोग हिस्सा ले रहे हैं। कैलिफोर्निया से ही भारतीय मूल के रो खन्ना और एमी बेरा सांसद हैं। साथ ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार रही कमला हैरिस भी कैलिफोर्निया से ही ताल्लुक रखती हैं।

साथ ही अदला चिश्ती डिस्ट्रिक्ट 11 के लिए काउंटी सुपरवाइजर के लिए चुनाव लड़ रही हैं। आलिया चिश्ती सिटी कॉलेज बोर्ड सैन फ्रांसिस्को के लिए, दर्शना पटेल स्टेट असेंबली के लिए, निकोल फनार्डेज सैन मेटो सिटी काउंसिल के लिए, निथ्या रमन लॉस एंजेल्स सिटी काउंसिल के लिए, रिचा अवस्थी फोस्टर सिटी काउंसिल के लिए और सुखदीप कौर एमरीविले सिटी काउंसिल के लिए चुनाव लड़ रही हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय इंजीनियर्स का खूब प्रभाव है, अब यहां की राजनीति में भी भारतीय अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय मूल की तारा श्रीकृष्णन सिलिकॉन वैली में डिस्ट्रिक्ट 26 से कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली के लिए चुनाव लड़ रही हैं।

डॉ. अजय रमन मिशिगन डिस्ट्रिक्ट 14 के लिए ऑकलैंड काउंटी कमिश्नर पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि अनिल कुमार और रंजीव पुरी मिशिगन स्टेट हाउस के लिए चुनाव मैदान में हैं। प्रिया सुंदरेशन एरिजोना में स्टेट सीनेट के लिए, रवि शाह स्कूल बोर्ड के लिए, पेंसिल्वेनिया में आनंद पाटके, अन्ना थॉमस और अरविंद वेंकट स्टेट हाउस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं निकिल सावल स्टेट सीनेट के लिए उम्मीदवार हैं। इलिनोइस से भारतवंशी अनुषा थोटाकुरा स्कूल बोर्ड के लिए और नबील सैयद स्टेट हाउस के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

अश्विन रामास्वामी, जॉर्जिया स्टेट सीनेट के लिए चुनाव मैदान में हैं और अगर वे चुने जाते हैं तो वे सबसे कम उम्र के सीनेटर होंगे। ओहायो में चैंतल रघु काउंटी कमिश्नर पद के लिए और पवन पारिख काउंटी क्लर्क ऑफ कोर्ट्स पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वर्जीनिया में डैनी अवुला रिचमंड के मेयर पद के लिए चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह न्यूयॉर्क में जेरेमी कोनी और मनिता संघवी स्टेट सीनेट, जोहरान ममदानी स्टेट असेंबली के लिए चुनाव मैदान में हैं। टेक्सास राज्य में सिटी काउंसिल के लिए भारतीय मूल की आशिका गांगुली, नबील शिके, रमेश प्रेमकुमार, रवि सैंडिल, सलमान भोजानी, शेखर सिन्हा, शेरिन थॉमस, सुलेमान लालानी सिटी काउंसिल, स्टेट हाउस और जज पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं मनका ढींगरा वाशिंगटन राज्य के अटॉर्नी जनरल पद और मोना दास सार्वजनिक भूमि के आयुक्त पद के लिए चुनावी रेस में शामिल हैं। भारतीय मूल के दो अमेरिकियों ने शीर्ष पदों पर आसीन होकर इतिहास रच दिया। अरुणा मिलर और विवेक मुलक ने अमेरिकी राज्यों मैरीलैंड और मिसौरी के उपराज्यपाल और कोषाध्यक्ष (वित्त मंत्री) के रूप में शपथ ली । भारत में पैदा हुईं अरुणा मिलर ने अमेरिका के मैरीलैंड राज्य की पहली इंडियन अमेरिकन लेफ्टिनेंट गवर्नर बनी। अरुणा मिलर ने भगवत गीता पर हाथ रखकर शपथ ली और पद संभाला। 58 साल की अरुणा का जन्म भारत के हैदराबाद में हुआ था। वे 1972 में अपने परिवार के साथ अमेरिका गई थीं। उन्हें साल 2000 में अमेरिका की नागरिकता मिली थी। अरुणा मैरीलैंड राज्य की 10वीं लेफ्टिनेंट गवर्नर हैं। 2010 से 2018 तक वे मैरीलैंड के हाउस ऑफ डेलीगेट में भी रही थीं। उन्होंने वहां अपने दो कार्यकाल पूरे किए थे। अरुणा भारतीय-अमेरिकी लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। लेफ्टिनेंट गवर्नर के चुनाव में कई ट्रम्प समर्थकों ने उनका समर्थन किया था।

यूनाइटेड किंगडम के इतिहास में पहली बार, देश का नेतृत्व एक गैर-श्वेत व्यक्ति द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में किया गया है। 42 साल की उम्र में ऋषि सुनक, जोकि एक हिंदू हैं, ब्रिटेन के 200 से अधिक वर्षों के इतिहास में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी रहे । यह किसी इतिहास से कम नहीं है। प्रत्येक भारतीय के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण रहा क्योंकि पहली बार यूनाइटेड किंगडम में भारतीय मूल का कोई प्रधानमंत्री बना ।लेकिन यह पहली बार नहीं था जब कोई भारतीय मूल का व्यक्ति भारत के बाहर एक प्रमुख नेता बना।

गुयाना के नौवें कार्यकारी अध्यक्ष, मोहम्मद इरफान अली, जिन्होंने अगस्त 2020 में कार्यभार संभाला, गुयाना के पहले मुस्लिम राष्ट्रपति हैं। लियोनोरा में एक मुस्लिम इंडो-गुयाना परिवार में पैदा होने के कारण, इरफान नूर हसनाली के बाद अमेरिका में दूसरे मुस्लिम राष्ट्राध्यक्ष भी हैं।एंटोनियो कोस्टा ने 2015 में पुर्तगाल के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उनकी जड़ें भारत से संबंधित हैं क्योंकि उनका पैतृक परिवार गोवा से है, जबकि उनके पिता ऑरलैंडो दा कोस्टा का जन्म मोजाम्बिक, पूर्वी अफ्रीका में हुआ था।चंद्रिकापरसाद ₹चान₹ संतोखी को सूरीनाम (दक्षिण अमेरिकी देश) के राष्ट्रपति के रूप में चुना गया था। इससे पहले 1991 में, नीदरलैंड में पुलिस अकादमी में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद संतोखी को पुलिस प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में संतोखी की नियुक्ति एक बड़ी सफलता थी क्योंकि इसने देश में तानाशाही को समाप्त कर दिया था। प्रवीण जगन्नाथ, जो 2017 से मॉरीशस के प्रधानमंत्री हैं, भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश से हैं। जगन्नाथ का जन्म ला कैवर्न में अहीरों के एक हिंदू परिवार में हुआ था।मॉरीशस में भारतीय मूल के प्रधान मंत्री होने के अलावा उनके राष्ट्रपति भी हैं, जिनका एक भारतीय संबंध भी है। पृथ्वीराजसिंह रूपुन जीसीएसके या प्रदीप सिंह रूपुन, जिन्होंने 2019 में कार्यभार संभाला, एक हिंदू परिवार में पैदा हुए और आर्य समाज के अनुयायी हैं।हाल ही में अपने कार्यकाल के दो साल पूरे करने वाले सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवेल रामकलावन का भी भारत के साथ एक अजीब संबंध है। सेशेल्स के एक द्वीप माहे में पैदा होने के कारण, रामकलावन के दादा बिहार, भारत के नागरिक थे।हलीमा याकूब, जो 2017 में सिंगापुर की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं। इनका जन्म एक भारतीय पिता और एक मलय मां से हुआ था। इससे पहले एक वकील, हलीमा ने देश के आठवें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने से पहले सिंगापुर के स्पीकर के रूप में भी काम किया था।

# विकास के सृजनहार मुंबई रत्न आर. आर. सिंह

यथा नाम तथा गुण वाले रामचरित्र रामभजन सिंह (आर. आर. सिंह) ने मुंबई के महापौर तक की यात्रा मुलुंड से होकर तय की। संपूर्ण मुंबई के हर क्षेत्र की जानकारी रखने वाले महापौर साहब के मष्तिष्क में मुलुंड के विकास का नक्शा तैयार था। इसी वजह से उन्हें मुलुंड का विकास पुरुष कहा जाता है। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में तो उनके परिवार का कोई शानी नहीं है। वे देश ही नहीं अपितु विदेश तक अपनी शिक्षा का परचम लहरा चुके है।

युवावस्था में ही वे सपनों और दृढ़ संकल्प के साथ मुंबई पहुंचे। शुरूआत में, उन्होंने मुंबई के उपनगर मुलुंड में दुग्ध व्यवसायी के रूप में काम किया, इसने उनके अंदर शहर के गरीबों, शोषितों और आम आदमी की समस्याओं की गहरी समझ को जन्म दिया। प्रारंभिक वर्षों में उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी से संपर्क किया। पंडित नेहरू जी ने उन्हें मुंबई कांग्रेस में सम्मिलित कर, मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष को कहा कि इन्हें पार्टी से संबंधित कार्य करने का अवसर दिया जाय। साथ ही पार्टी से संबंधित पुस्तकें भी भेजी। इसी दौरान, तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष और प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी व समाजसेवी स्वर्गीय एस. के. पाटिल के साथ जुड़कर उन्होंने समाजसेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाना शुरू किया। उनकी मेहनत, लगन, कर्तव्यनिष्ठा व समर्पण भाव से प्रभावित होकर सन 1969 में महाराष्ट्र शासन द्वारा उन्हें जस्टिस ऑफ पीस (Justice of peÔce) बनाया गया। तब उन्होंने गरीब, पीड़ित और जरूरतमंद जनता की सेवा आरंभ की।

कालांतर में बैरिस्टर रजनी पटेल ने उनकी कार्यक्षमता को पहचाना। उनको राजनीति के क्षेत्र में मौका दिया। सन 1973 में मुलुंड क्षेत्र से नगर सेवक का टिकट दिया गया। वे बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के चुनाव में नगरसेवक के रूप में चुने गए। यह उनकी लंबी और समर्पित सेवा की शुरूआत थी। उनकी समर्पित सेवावृत्ति के परिणामस्वरूप वे लगातार 7 बार नगरसेवक के रूप में चुने गये। कई वर्षों तक उन्होंने नगरसेवक के रूप में कार्य किया, शहर के निवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत रहे और महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख उत्तर भारतीय चेहरा बन गए।

महापौर के रूप में उनकी सेवाएं अविस्मरणीय हैं। उन्होंने हरित मुंबई स्वच्छ मुंबई का नारा देकर शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। वे हमेशा कहा करते थे- मान-सम्मान और शॉल-श्रीफल पाने की ख्वाहिश नहीं है मुझे, आप मुझे चंदा दीजिए जिससे मैं जरूरतमंदों की सहायता कर सकूं।



1973 से 2003 के बीच, उन्होंने अपने कार्यकाल में मुंबई के उपनगर मुलुंड के विकास की नींव रखी और विभिन्न वैधानिक समितियों में रहते हुए मुंबई शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो शहर के शासन में महत्वपूर्ण निर्णयों की देखरेख करती थी। उन्होंने मुंबई के उपनगर मुलुंड के विकास की नींव रखी। उन्हीं के अथक परिश्रम का फल है कि आज मुलुंड को सबर्ब की रानी कहा जाता है। उनके द्वारा किये गये कार्यों को सूचीबद्ध करना आसान तो नहीं, कुछ झल्कियां इस प्रकार हैं- कालीदास हॉल, प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी क्रीड़ा संकुल, जवाहर लाल नेहरु रोड, जय हनुमान व्यायाम शाला, देवी दयाल बस टर्मिनल, देवी दयाल गार्डन, हनुमान पाडा पानी सप्लाय, आंबेडकर गार्डन, महाराष्ट्र जिल्हा ग्रंथालय, वैशाली नगर बस स्टॉप एवं शिवाजी चौक गार्डन इत्यादि।

पूर्व मेयर सिंह जी का समाज सेवा के प्रति भी गहरा लगाव था। उन्होंने BEST स्वास्थ्य समितियों के सदस्य के रूप में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। गटर, मीटर और वाटर की सुविधाओं की ओर ठोस कदम उठाकर गरीब व जरुरतमंदों के जीवन में रोशनी लोने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया है, साथ ही शहर की बढ़ती आबादी, बुनियादी ढांचे की जरूरतों और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान करने के लिए काम किया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी आर. आर. सिंह एक कुशल वक्ता, जनसेवक और विद्वान भी थे। उनकी विद्वता और गहन ज्ञान के कारण उन्हें मुम्बई महानगरपालिका का चलता-फिरता विश्वकोश (ency-clopaedia) कहा जाता था। महापौर रहते हुए उनके बजट कार्यक्रमों में वे अत्यंत अभ्यासपूर्ण और प्रभावशाली बजटीय संभाषण प्रस्तुत करते, जिसे न केवल राजनीतिक पक्ष के लोग, बल्कि आम जनता और अधिकारी वर्ग भी एकाग्रचित्त होकर सुनते थे। 26 घंटे तक लगातार संभाषण देने का उनका रिकॉर्ड आज भी अद्वितीय है। उनका जीवन केवल संघर्षों और सफलताओं का सफर नहीं, बल्कि यह दशार्ता है कि समर्पण और मेहनत से बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है।

मुंबई जैसे बड़े शहर में उन्होंने सिर्फ राजनीति में ही नहीं, बल्कि कला, क्रीड़ा और शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ही है कि वे अनेक शिक्षा संस्थानों की स्थापना करते रहे जैसे- चाचा नेहरू डिग्री कॉलेज, भिवंडी व माजीवाडा, दयानंद वैदिक विद्यालय, राजीव गांधी हाई स्कूल, नलिनीबाई दौड़े विद्यालय एवं आर. आर. एज्युकेशनल ट्रस्ट जिसमें मराठी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जूनियर कॉलेज, हॉटल मैनेजमेंट, डी. एड. व बी. एड. कॉलेज (NAAC ACCREDIT-ED) चल रहे हैं। उनके इन प्रयासों ने न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया, बल्कि इसे हर वर्ग के बच्चों के लिए सुलभ बनाया।

उन्होंने बी.एड. कॉलेज की स्थापना कर शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में भी एक नई राह खोली। यह कॉलेज न केवल शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करता है, बल्कि शिक्षकों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी बना है। आर.आर. सिंह का विश्वास था कि शिक्षा ही समाज की प्रगति की कुंजी है। अपने अथक प्रयासों से यह सुनिश्चित किया कि वंचित वर्गों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। मुलुंड में स्थापित उनका आर. आर. एजुकेशनल ट्रस्ट इस दिशा में उनकी दूरदर्शिता और प्रयासों का प्रतीक है।

उन्हें विकास पुरुष और जन उद्धारक कहकर सम्मानित करना पूरी तरह से उचित है। उनके द्वारा लगाए गए शिक्षा के इस गुलशन की महक आज न सिर्फ हर कोने में महसूस की जा रही है अपितु शिक्षा के क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और दिशा का संचार भी कर रही है। उनके द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सराहनीय है। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चे समर्पण और सेवा से समाज को नयी दिशा देना संभव है। ऐसे दूरदर्शी नेतृत्व और समर्पित सेवा के प्रतीक, विकास पुरुष व प्रेरणास्त्रोत मेयर आर.आर. सिंह जी को कोटि-कोटि नमन।

# मिटाना होगा आत्महत्याओं का कलंक



-रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में आए दिन आत्महत्या की घटनाएं घटित होती रहती है। यहां हर चार मिनट में एक आत्महत्या की जाती है। यहां शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता होगा जब किसी न किसी इलाके से गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, कर्ज जैसी तमाम आर्थिक तथा अन्य सामाजिक दुश्वारियों से परेशान लोगों के आत्महत्या करने की खबरें न आती हों। आत्महत्या करना सभ्य समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। आत्महत्या में व्यक्ति स्वयं को दंडित करते हुए अपनी जान दे देता है। ऐसा घिनोना कार्य कोई व्यक्ति तभी करता है जब वह चारों तरफ से निराश हो जाता है।

आत्महत्या करने का सबसे बड़ा कारण आर्थिक पक्ष को माना जाता है। उसके बाद मानसिक, पारिवारिक व अन्य बहुत से कारण हो सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने पर व्यक्ति स्वयं को गिरा हुआ महसूस करता है और अंत में वह आत्महत्या करने जैसा घिनौना कदम उठा लेता है। हम आए दिन अखबारों में पढ़ते हैं कि बहुत से परिवारों ने आर्थिक कर्म से सामूहिक आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। बहुत से किसान अपना खेती का कर्ज नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने कानून तो बना दिया मगर उसका प्रभाव समाज पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रेम में असफल होने पर भी बड़ी संख्या में नवयुवक युवतियां आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर लेते हैं। आंकड़ों की दृष्टि से भारत आत्महत्याओं के मामले में दुनिया में सिरमौर बनता जा रहा है। आत्महत्या रोकने की दिशा में अब तक सरकारी स्तर पर जितने भी प्रयास हुए हैं वह सब नाकाम साबित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों में जितनी आत्महत्या की संख्या दशार्यी जाती है उससे कई गुना अधिक लोग आत्महत्या कर अपनी जान गंवा रहे हैं। मगर आत्महत्या की घटनाओं को रोकने की कोई सार्थक पहल नहीं हो पाई है। खेती के लिए लिया गया कर्ज. नहीं चुका पाने के कारण भी बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं। मगर सरकारी बैंकों, साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान आज भी आत्महत्या कर रहें हैं। उन्हें रोकने की दिशा में भी सरकार ने कोई विशेष पहल नहीं की है। बैंक आज भी किसानों से जबरदस्ती कर्ज वसूली के लिए उनकी जमीने नीलाम कर रहे हैं। इसी के चलते किसान मजबूर होकर आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। भारत में आत्महत्या एक प्रमुख समस्या है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में 171,000 आत्महत्याएं की गईं थी जो 2021 की तुलना में 4.2 प्रतिशत अधिक थी । प्रति एक लाख की जनसंख्या पर आत्महत्या की दर 2022 में बढ़कर 12.4 हो गई जो आंकड़ो के हिसाब से सर्वोच्च थी। 2022 के दौरान आत्महत्याओं में 2018 की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और भारत में दुनिया में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं। वैश्विक आत्महत्या मौतों में भारत के आंकड़े 1990 में 25.3 प्रतिशत से बढ़कर 2016 में महिलाओं में 36.6 प्रतिशत और पुरुषों में 18.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.3 प्रतिशत हो गये। 2016 में 15-29 वर्ष और 15-39 वर्ष के आयु समूहों में आत्महत्या मृत्यु का सबसे आम कारण था। दैनिक वेतन भोगी लोग आत्महत्या पीड़ितों का 26 प्रतिशत हिस्सा थे। जो आत्महत्या के आंकड़ों में सबसे बड़ा समूह था। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार 2022 में राज्यों में सबसे अधिक आत्महत्याएं महाराष्ट्र (22,746) में हुईं। इसके बाद तमिलनाडु में 19,834 और मध्य प्रदेश में 15,386 आत्महत्याएं हुईं। चार राज्यों महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल को मिलाकर देश में हुयी कुल आत्महत्याओं में से लगभग आधी उक्त प्रदेशों में हुयी थी। नागालैंड में केवल 41 आत्महत्याएं हुईं। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और कर्नाटक में 2017 से 2019 के दौरान भारत में लगभग आधी आत्महत्याएं हुयी हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली में सबसे अधिक आत्महत्याएं हुईं, उसके बाद पुडुचेरी का स्थान रहा। बिहार और पंजाब में 2018 की तुलना में 2019 में आत्महत्याओं के प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुयी थी। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच सालों में आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता हुआ दिखता है। 2017 में देश में 1,29,887 आत्महत्याओं की मामले रिकॉर्ड किए गए थे। तब आत्महत्या दर 9.9 प्रतिशत थी। आत्महत्या दर प्रति लाख आबादी पर होने वाली आत्महत्या की घटनाओं को दशार्ता है। 2017 के आंकड़ों के मुताबिक देश में प्रति लाख 9.9 आत्महत्या की घटनाएं दर्ज की गईं थी। 2018 में आत्महत्या दर में इजाफा हुआ और ये बढ़ कर 10.2 पर पहुंच गयी थ। तब देश में 1,34,516 आत्महत्या के मामले दर्ज हुए थे। 2019 में कुल 1,39,123 लोगों ने तो 2020 में ये संख्या बढ़कर 1,53,052 हो गई थी। 2021 में आत्महत्या के 1,64,033 मामले हुये थे। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के तुलनात्मक आंकड़े बताते हैं कि भारत में आत्महत्या की दर विश्व आत्महत्या दर के मुकाबले बढ़ी है। भारत में पिछले दो दशकों की आत्महत्या दर में एक लाख लोगों पर 2.5 फीसद की वृद्धि हुई है। आज भारत में 37.8 फीसद आत्महत्या करने वाले लोग 30 वर्ष से भी कम उम्र के हैं। दूसरी ओर 44 वर्ष तक के लोगों में आत्महत्या की दर 71 फीसद तक बढ़ी है। 2018 में पारित हुए मेंटल हेल्थ केयर एक्ट 2017 के तहत भारत में आत्महत्या के अपराधीकरण का कानून खत्म करते हुए मानसिक बीमरियों से जूझ रहे लोगों को मुफ्त मदद का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून के तहत आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को मदद पहुंचाना, इलाज करवाना और पुनर्वास देना सरकार की जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में मानसिक स्वास्थ से जूझ रहे लोगों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस मामले में अभी तक विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से कोई ठोस बयान जारी नहीं किया गया है। लेकिन विश्व के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे आत्महत्याओं के बढ़ते मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या करते हैं। जिनमें से 21 फीसदी आत्महत्याएं भारत में होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में सरकारों को सलाह दी गई है कि आत्महत्या का मीडिया ट्रायल नहीं हो। देश में अल्कोहल को लेकर ठोस नीति बनाई जाए। आत्महत्या के संसाधनों पर रोक लगाते हुए आत्महत्या के प्रयास करने वालों की उचित देखभाल की जाए।

आत्महत्या जैसे मामलों को रोकने के लिए समाज के हर एक जिम्मेदार व्यक्ति को सामने आने की जरूरत है।

## सागर से संगम हेतु संतों का शंखनाद



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती के पावन अवसर पर मुंबई और ठाणे के अजरामर जैन स्थानक में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न धर्मों के संत राष्ट्र संत श्री कमल मुनि कमलेश,महंत गोविंदाचार्य जी महाराज,महंत श्री 108 श्री ओम भारतीय जी महाराज ने गुरु गोविंद सिंह जी के शौर्य, त्याग और वीरता को स्मरण करते हुए समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण ब्रह्मर्षि योगीराज श्री भारत भूषण भारतेंदु महाराज का बांसुरी वादन रहा। योगीराज ने अपनी मधुर बांसुरी के सुरों के माध्यम से ₹राष्ट्रगान₹ का वादन कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। बांसुरी के सुरों में ऐसा अद्भुत प्रभाव था कि पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति और आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत हो गया।

संतों और श्रद्धालुओं ने योगीराज के बांसुरी वादन को न केवल सराहा बल्कि इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने वादन के माध्यम से नशा उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, गो रक्षा और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में संतों ने आतंकवाद, हिंसा, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, नशा, अश्लीलता, मिलावट, भ्रष्टाचार और कट्टरता के खिलाफ वैचारिक क्रांति का शंखनाद किया। सभी को 12 जनवरी 2025 से 12 फरवरी 2025 तक प्रयागराज महाकुंभ में शामिल होकर समाज सुधार के इस संगम में डुबकी लगाने का आह्वान किया। महाकुंभ के आयोजन में अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच, नई दिल्ली, श्रीमद् भागवत गीता शक्तिपीठ केंद्र कुरुक्षेत्र और श्री हरि नारायण सेवा संस्थान पालघर महाराष्ट्र का संयुक्त सहयोग रहेगा। महाकुंभ मेले में प्लॉट नंबर इहऊ02, सेक्टर 7, प्रयागराज पर एक विशाल पंडाल स्थापित किया जाएगा। यहां लाखों संत और 40 करोड़ श्रद्धालु नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, गो रक्षा, स्वास्थ्य संवर्धन, राष्ट्र प्रेम और धर्म सद्भाव के लिए प्रेरित होंगे। स्नानार्थियों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी की जाएगी।

## भांडुप में भव्य श्री राम कथा का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भांडुप पश्चिम के तुलसीपाड़ा में भांडुप नागरिक विकास परिषद के तत्वावधान में श्री राम कथा का आयोजन धूमधाम से शुरू हुआ। 5 जनवरी से शुरू हुई यह श्री राम कथा 11 जनवरी तक चलेगी। कथा का आयोजन कैलाश पार्क में शाम 6 बजे से 10 बजे तक किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त मन्त्रमुग्ध होकर कथा का रसपान कर रहे हैं। पद्मेश महाराज ने रामकथा के महत्व पर डाला प्रकाश अयोध्या से पधारे कथावाचक पद्मेश महाराज ने व्यासपीठ से कहा, ञजब हम किसी को कष्ट नहीं देंगे, वही सच्चा रामराज होता है। उन्होंने भक्तों से आग्रह किया कि वे व्यासपीठ से जो भी शब्द सुनें, उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण करें। पद्मेश महाराज ने आगे कहा कि श्रीराम की कथा आंसुओं, त्याग, समर्पण और प्रेम की कथा है। महराज ने इसके पहले श्री राम जन्म, सीता स्वंयम्बर, राम वनवास आदि लीलाओं को अपनी मधुर वाणी से बड़े ही रोचक संगीतमय भाव मे वर्णन किया।कथावाचक ने यह भी कहा कि मानव को अमीरी और गरीबी, सुख और दुख दोनों ही परिस्थितियों में भगवान का स्मरण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान ने मनुष्य को शरीर केवल मानवता के कल्याण के लिए दिया है, और बड़े पुण्यकर्मों के बाद ही हमें यह मानव जीवन प्राप्त हुआ है। इस जीवन को हमें प्रभु श्रीराम की भक्ति और मानवता में तर्पण करना चाहिए। श्री राम कथा के आयोजन में संस्था के अध्यक्ष एड. रविन्द्र के सिंह, स्वामीनाथ मिश्रा, संजय शुक्ला, के.आर. सिंह, डॉ. रमेश सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से यह कथा सफलतापूर्वक आयोजित हो रही है। आपको बता दे इस कथा में समाजसेवक अविनाश पांडेय का श्री राम कथा के प्रचार-प्रसार में विशेष सहयोग मिल रहा है। इस विशाल आयोजन में हजारों की संख्या में भक्त पहुँचकर कथा सुन रहे हैं और संगीतमय रामकथा का आनंद ले रहे हैं। आयोजन के दौरान भक्तों की श्रद्धा और भक्ति साफ नजर आ रही है, जो श्रीराम के प्रति उनकी अटूट आस्था को दशार्ती है।

## फेडएक्स इंटरनेशनल कनेक्ट प्लस का विस्तार

**मुंबई।** फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स), जो दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी है, ने भारत में अपने इंटरनेशनल शिपिंग सॉल्यूशन फेडएक्स~इंटरनेशनल कनेक्ट प्लस (एफआईसीपी) का विस्तार किया है। यह सेवा अब ग्राहकों को एशिया, अमेरिका और यूरोप के कई देशों से जोड़ती है। एफआईसीपी एक किफायती और समयबद्ध इंटरनेशनल शिपिंग सॉल्यूशन है, जो ई-कॉमर्स शिपमेंट्स को केवल 3-4 कार्यदिवसों में डिलीवर करने के लिए डिजाइन किया गया है। ई-कॉमर्स के लिये एफआईसीपी के अन्य लाभों में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़ने में आसानी, ग्राहक का ज्यादा नियंत्रण और स्पष्टता, लचीले डिलीवरी विकल्प, वीकेंड और शाम की डिलीवरी, अतिरिक्त बचत शामिल हैं। भारत का ई-कॉमर्स सेक्टर 2030 तक 325 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। साथ ही, थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक कंपनियां अगले सात सालों में लगभग 17 बिलियन शिपमेंट्स को मैनेज करेंगी। ऐसे में, भरोसेमंद और किफायती इंटरनेशनल शिपिंग की मांग बढ़ रही है। एफआईसीपी इस जरूरत को पूरा करता है, जिससे सीमापार लॉजिस्टिक्स आसान हो जाता है। यह ग्राहकों को डिलीवरी के लचीले विकल्प और तेज सेवा प्रदान कर उनकी संतुष्टि बढ़ाने में मदद करता है। फेडएक्स में एमईआईएसए के मार्केटिंग और एयर नेटवर्क के वाइस प्रेसिडेंट नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, ञई-कॉमर्स की वजह से क्रॉस-बॉर्डर व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में व्यवसायों को ऐसे स्मार्ट और किफायती समाधान चाहिए, जो उनकी पहुंच को बढ़ाते हुए तेज और लचीली सेवा प्रदान करें।

# लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए पत्रकारों को निर्भीक पत्रकारिता करने की जरूरतः सांसद बाल्या मामा



**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** महानगर पत्रकार संघ व ॐ साई सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी चौक स्थित शिवसेना भवन के सांस्कृतिक सभागृह में पत्रकार दिवस बडे हर्षोल्लाश के साथ संपन्न किया गया । उक्त अवसर पर भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ ??बाल्या मामा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि पत्रकार समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है और लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं । सांसद सुरेश म्हात्रे सोमवार को महानगर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में बोल रहे थे । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार तुलसीदास भोईटे , संजय पितले , संजय भोईर , भगवान चंदे , शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तरे, पूर्व जिप सदस्य कुंदन पाटिल, श्री साई सेवा संस्था की अध्यक्ष डॉ. स्वाति सिंह, भिवंडी उपजिला अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. माधवी पंडारे आदि गणमान्य लोगों के साथ भारी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे । पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को सच्चाई का दामन थामते हुए निर्भीक पत्रकारिता करनी चाहिए। म्हात्रे ने यह भी कहा कि अगर मैं कल कुछ गलत करता हूं तो पत्रकारों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुये हमारी कमियों को उजागर करने के लिये खबर बनानी चाहिए । अगर पत्रकार इसे ध्यान में रखते हैं तो वे राज्य और देश में सरकार को उखाड़ फेंक सकते हैं । वरिष्ठ पत्रकार तुलसीदास भोइटे ने कहा कि यह पत्रकारों के लिए जरूरी है पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट हों एवं राज्य सरकार द्वारा पत्रकारों के लिये घरकुल आदि योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय पितले ने आश्वासन दिया कि वह भिवंडी में पत्रकारों के घरों के मुद्दे को महानगर पालिका और सरकार के समक्ष ले जाकर योजनाओं का लाभ दिलायेंगे । इस अवसर पर शहर के पत्रकारों का सम्मान शाल पुष्पगुच्छ लेखन सामग्री व तुलसी वृक्ष देकर किया गया । कार्यक्रम का सूत्र संचालन व आभार प्रदर्शन वरिष्ठ पत्रकार संजय भोईर ने किया ।

# गांजा बेचते किराना दुकानदार गिरफ्तार



**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** नशेड़ियों और नशे के सौदागरों के खिलाफ कल्याण में पुलिस ने एक मुहिम चला रखी है। नशाखोरों के खिलाफ पुलिस सख्त रवैया अपनाए हुए। इसी कड़ी में खड़कपाड़ा पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले किराना दुकानदार को गिरफ्तार कर एक किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी का नाम लक्ष्मण रेड्डी (40) है, जो कल्याण के पास मोहने के बंदरपाड़ा का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बंदरपाड़ा इलाके में अवैध रूप से गांजा बेचे जाने की गुप्त जानकारी खड़कपाड़ा पुलिस को मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने बंदरपाड़ा में कृष्णा किराना स्टोर के पास जाकर छानबीन करने पर आरोपी लक्ष्मण रेड्डी खुलेआम गांजा बेचता हुआ पाया गया। उसके कब्जे से पुलिस ने 1 किलो 123 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## मोमिन वकार अहमद नजीर अहमद किताबी राष्ट्रीय एकात्मता पुरस्कार से किया गया सम्मानित शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएँ



**भिवंडी(उत्तरशक्ति)।** अल-हमरा एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव और अंसारी सफिया गर्ल्स हाई स्कूल नागांव, सलामतपुरा, भिवंडी के चेयरमैन मोमिन वकार अहमद नजीर अहमद किताबी को उनकी शैक्षिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक सेवाओं के लिए भावना बहुउद्देशीय संस्था नासिक द्वारा एक भव्य समारोह में ₹राष्ट्रीय एकात्मता पुरस्कार₹ 2024-25 से सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर अल हमरा एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष खालिद फरीद अंसारी तथा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य,अंसारी सफिया गर्ल्स हाई स्कूल, आयशा सिद्दीका गर्ल्स उर्दू प्राइमरी स्कूल, अंसार प्री प्रायमरी और फरीद मेमोरियल गर्ल्स इंग्लिश मीडियम प्री प्रायमरी और प्रायमरी स्कूल और जूनियर कॉलेज के मुख्यध्यापकों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने मोमिन वकार अहमद को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुये शुभकामनाएँ दी है ।

# पुलिस ने लौटाया करोड़ों का चोरी और गायब हुआ सामान

## नागरिकों ने पुलिस विभाग का माना आभार





**चेतन निर्मल संवाददाता**

**कल्याण(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र पुलिस बल की स्थापना के उपलक्ष्य में 2 जनवरी से 8 जनवरी के बीच पुलिस राइजिंग डे मनाया गया। इस अभियान के माध्यम से कल्याण परिमंडल-3 के अंतर्गत अनगिनत आपराधिक मामलों का खुलासा करने के बाद जब्त किया गया डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का माल शिकायतकताओं को वापस लौटाया गया। कल्याण के एपीएमसी स्थित साईं नंदन हॉल में आयोजित हस्तांतरण कार्यक्रम में ठाणे पुलिस आयुक्तालय के पुलिस सह आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पूर्व प्रादेशिक विभाग संजय जाधव, परिमंडल-3 के डीसीपी अतुल झेंडे, कल्याण के एसीपी कल्याणजी घेटे सहित कल्याण के सभी पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कल्याण परिमंडल-3 के अंतर्गत आने वाले पुलिस थानों में दर्ज गायब या चोरी हुए मोबाइल फोन, सोने-चांदी के आभूषण, नकद आदि चोरी हुए कीमती सामानों के मामलों में मुस्तैदी से जांच पड़ताल करने के बाद पुलिस ने अपराधों का पदार्फाश किया और 38 कीमती सामान, 30 वाहन, 91 मोबाइल फोन, आभूषण एवं नकद बरामद किया है। जिनकी कीमत 1 करोड़, 43 लाख, 37 हजार, 890 रुपये बताई गई है। यह सारा माल आज हस्तांतरण कार्यक्रम में पुलिस ने लोगों को सौंप दिया।

# रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर द्वारा वार्षिक लेखा जोखा कार्यशाला आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर द्वारा वाइब्रेंट प्रेसिडेंट विलास शहापुरे के निर्देशन में वार्षिक लेखा जोखा कार्यशाला का आयोजन मंगलवार 7 जनवरी 2025 को शाम 7 बजे रोटेरियन रिखीस जैन के आवासीय फार्म हाउस पर किया गया। इस कार्यशाला में रोटरी क्लब के कुल 30 मेंबर्स शामिल रहे। इस मौके पर साल भर के एडमिन फंड का ट्रेजरार अश्विनी सामंत तथा ट्रस्ट फंड का ट्रेजरार स्वामीनाथ पाण्डेय ने वार्षिक लेखा जोखा से सभी मेंबर्स को अवगत कराया। क्लब सेक्रेटरी प्रशांत एम. कदम ने 6 महीने के अल्प समय में कार्यान्वित हुई परियोजनाओं के बारे में सभी सदस्यों को अवगत कराया। जिन्होंने 6 महीनों के कार्यकाल में जनोपयोगी कार्यक्रम में प्रेसिडेंट का साथ निभाया तथा परियोजनाओं में सहयोग किया। ऐसे सभी सहयोगियों को प्रेसिडेंट विलास शहापुरे ने सम्मानित किया। इलेक्शन डायरेक्टर रो. राकेश मिश्रा ने 2026 -27 के क्लब प्रेसिडेंट का नाम रोटेरियन डॉ प्रवीणचंद्र वैश्य को निर्वाचित घोषित किया। ज्ञात हो कि रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर के कार्यकाल वर्ष 2025 - 26 के लिए निर्वाचित प्रेसिडेंट रोटेरियन रामनारायण गोयल ने अपने कार्यकाल को सुनहरा व कार्यशील, गतिशील बनाने के लिए सक्षम बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का गठन किया है, जो कि वर्ष 2025 - 26 के कार्यकाल में जनोपयोगी कार्यों को करने में सहयोग करेगा। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के माध्यम से पर्यावरण, शालाओं में स्वच्छ जल, शालाओं में सुलभ शौचालय, गांवों की चौपालों में सोलर लाइट , पालघर जिला को मोतियाबिंद से मुक्ति, टी बी मरीज को पौष्टिक आहार, कुपोषण योजना पर कार्य, जैसी अनेक परियोजनाओं पर कार्यक्रम क्रियान्वित किये जायेंगे। इसी लिए इंस्पायर क्लब प्रेसिडेंट राम नारायण गोयल ने आगामी रोटरी क्लब वर्ष 2025 26 में नवनियुक्त नियुक्तियों के साथ क्लब को उच्चतम स्तर पर ले जाने के सपने को पूरा करने हेतु विश्वास व्यक्त किया है।

# हर लड़की को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए जिससे समाज का समग्र विकास हो: प्रो. डॉ. अर्चना सिंह



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी के स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को जागृत करने के लिए मैत्रेयी महिला परिषद द्वारा महिला सत्प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर आश्रम के ब्रह्म. प्रेमस्वरूप चैतन्य, स्वामी परमेश्वरानन्द एवं स्वामी चिंतामणि महाराज सहित बतौर मुख्य अतिथि बिरला कॉलेज को प्रो. डॉ.अर्चना सिंह एवं राष्ट्र सेवा समिति की सदस्य रंजना मराठे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि महिलाएं हमेशा से समाज में परिवर्तनकारी शक्ति रही हैं । जो अपने परिवार एवं समाज के लिये निरंतर काम कर रही हैं । उन्होंने कहा कि जब एक एक नारी आगे बढ़ती है तो पूरा समाज एवं देश आगे बढ़ता है । महिला शिक्षित होती है तो वह न केवल अपने जीवन को बदलती है बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए प्रेरणा बनती है । उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर लड़की को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए । जिससे उसके सपनों को पूरा करने का अवसर मिलना चाहिए । उन्होंने कहा कि स्वामी गंभीरानन्द नवनिर्माण ट्रस्ट महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है जो समाज में परिवर्तन लाने के लिए विशेष तौर पर महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित है । महिलाओं को शिक्षा , कौशल्य विकास एवं आत्मनिर्भरता प्रदान कर रहा है । शिक्षा महिला सशिक्तीकरण का सबसे बड़ा साधन है । शिक्षा स्कूल,कॉलेजों में दिया जा रहा है लेकिन असली शिक्षा यहां गुरुकुल में दी जा रही है जहां महिलाएं श्रीमदभगवद्गीता सस्वर पाठ कर रही हैं । यहां सभी लोग वेद , गीता एवं अन्य धर्मग्रंथों का अध्ययन कर रहे हैं । वेद एवं गीता सिर्फ धर्मग्रंथ नहीं हैं । बल्कि वे जीवन के मूल सिद्धांत और प्रेरणा के स्त्रोत हैं । जब महिलाएं इन धर्मग्रंथों का अध्ययन करती हैं तो वे अपने अंदर आत्मबल , ज्ञान एवं दिशा पाती है । वेद में निहित ज्ञान और विज्ञान अध्ययन सिर्फ महिलाएं नहीं बल्कि समाज के दिशा वाहक हैं । इस अवसर पर मंगलमय भजन कीर्तन एवं महिला उत्साहवर्धक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा महिला मैत्रेयी परिषद की महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन मनीषा झा एवं आभार प्रदर्शन महिला मैत्रेयी परिषद की अध्यक्ष एवं आश्रम की संगीत शिक्षका दीपमाला विश्वकर्मा ने किया ।

# बौद्धों के सवालों पर असम के मुख्यमंत्री से अविनाश कांबले ने की चर्चा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा से गत दिनों यूनाइटेड बुद्धिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष अविनाश कांबले ने मुलाकात की । इस मुलाकात में बौद्धों के मौलिक सवालों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस बीच, अविनाश कांबले ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री ने बौद्धों के मूलभूत मुद्दों सहित सभी चचाओं पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि भविष्य में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

यूनाइटेड बुद्धिस्ट फेडरेशन संस्था की ओर से विश्व स्तर पर कार्य हो रहा है। भारत में संयुक्त बौद्ध महासंघ बौद्ध धर्म सहित विभिन्न मुद्दों पर काम कर रहा है और इन मुद्दों को केंद्र और राज्य सरकारों के मीडिया के माध्यम से उठाया जाता है। जब असम के मुख्यमंत्री शर्मा मुंबई आए तो युनायटेड बुद्धिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष अविनाश कांबले ने उनसे मुलाकात की और उनसे असम में बौद्धों और बेरोजगारी में रोजगार सृजन के बारे में बात की, शिक्षा को कैसे प्रोत्साहित किया जा सकता है? इस पर चर्चा कर इस संबंध में कदम उठाने का अनुरोध किया गया. अविनाश कांबले ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री शर्मा ने सभी मुद्दों पर ध्यान देने और उनका समाधान खोजने का दृढ़ वादा किया है।

# नववर्ष पर नवोदय विद्यालय में तालियों की गूंज के साथ कवि सम्मेलन संपन्न



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** नववर्ष के आगमन पर पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय,पालघर द्वारा वरिष्ठ कवि व पत्रकार अमित शिवकुमार दुबे की अध्यक्षता में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन का सूत्र संचालन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र के अधिकारी संजय श्रोत्रिय ने अपनी पूरी ऊर्जा के साथ बहुत ही बेहतरीन अंदाज में किया। विद्यालय के छोटे-बड़े बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ भरपूर प्रतिसाद दिया। छठीं कक्षा से लेकर ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने जिस अनुशासन व मर्यादित ढंग से बैठकर पूरे कवि सम्मेलन में कवियों की हर पंक्ति के साथ अपना स्वर मिलाकर प्रोत्साहन दिया वह विद्यालय की शिक्षा पद्धति एवं अध्यापकों व छात्रों के सुंदर व सुखद तालमेल की झलक दिख रही थी। इस अवसर पर कल्पेश यादव ने (दिलों से नफरत छोड़ के, आओ बनाओ हिंदुस्तान), अवधेश वर्मा 'नमन' ने (दिलों में फिर दरारें क्यों बढ़ाना चाहता है), लाल बहादुर 'कमल' ने (मिली जिंदगी जो जिए जा रहा हूं),श्रीमती रेणु शुक्ला ने (उठो धनुर्धर बाण चलाओ), नवरत्न मिश्र 'अर्पित' ने (किसी को रौंद कर अपना सफर तय नहीं करते) जैसे गीतों से समां बांध दिया। अमित दुबे ने विद्यार्थियों में मेहनत की जरूरत पर बल देते हुए (घर बैठे होता इस दुनिया में नाम नहीं है, कुछ किए बिना ही होती पहचान नहीं है) गीत प्रस्तुत किया। संजय श्रोत्रिय ने अपने गीत (संबंधों के दाग बहुत ही गहरे हैं) के माध्यम से संबंधों को परिभाषित किया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं परमाणु ऊर्जा हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित कवि अमित कुलश्रेष्ठ ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता (हे भारत के राम तुझ में आज जगाने आया हूँ) के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्र भावना जगाने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य जार्ज अब्राहम व अध्यापक इंद्र राज यादव व राम प्रताप विश्वकर्मा के संयुक्त प्रयास से संपन्न इस कवि सम्मेलन में विद्यालय के छात्र कवि-कवयित्रियों में वेदिका अंभोरे, वेदिका डोहाले, खुशाली मोरे, अभिषेक उपाध्याय,स्वराज शिंदे के साथ ही अध्यापक राम प्रताप विश्वकर्मा, इंद्रराज यादव व प्रमोद आराध्ये ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी-अपनी कविताओं के माध्यम से न केवल विद्यालय का आशीर्वाद प्राप्त किया वरन उपस्थित कवियों को भी चौंका दिया।

नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्नेह भोजन ग्रहण करने की अपील के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# केराकत पुलिस ने लूट की घटना का किया खुलासा, नकदी, बाइक व तमंचा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**रियाजुल हक क्राईम रिपोर्टर**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत प्रभारी निरीक्षक केराकत व सर्विलांस, स्वाट टीम क्राइम ब्रान्च जौनपुर के संयुक्त प्रयास से थाना केराकत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-04/25 धारा 309(4)/3(5)/317(2) बी.एन.एस. से सम्बन्धित लूट का खुलासा करते हुए तीन आरोपी 1. विकास राजभर पुत्र बुद्धिराम राजभर नि0ग्रा0 सिझवारा थाना केराकत जौनपुर 2-विशाल राजभर पुत्र सिधारी राजभर निवासी ब्राह्मणपुर झमका थाना केराकत जौनपुर 3-विशाल यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी दिल्ला का पुरा थाना केराकत जौनपुर को सेनापुर पनिहर पुलिया के पास से दिनांक 08.04.2025 को समय 04.08 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया, अभियुक्तगण के पास से लूटे गये रुपये 60000/- में से 34420/- रु व घटना में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल स्पेण्डर प्लस जो दिनांक 06.01.2023 को जिला कारागार सुल्तानपुर गेट से चोरी कर व नम्बर प्लेट बदलकर अपराधिक घटनाओ में प्रयुक्त की जा रही थी तथा 1 तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0सं0-10/25 धारा-3(5)/317(2)/336 (2)/320 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया, केश में अग्रेत्तर कार्यवाही प्रचलित है।



# कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति जौनपुर में महामंत्री पद पर एडवोकेट शैलेंद्र यादव ने किया नामांकन दाखिल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति जौनपुर में हो रहे बार के चुनाव में महामंत्री पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें कलेक्ट्रेट समिति के तमाम अधिवक्ता साथी उनके साथ रह रहे और हौसला अफजाई करते नजर आए अधिवक्ता साथियों में सीनियर एडवोकेट श्वेताभ पांडे, एडवोकेट नित्य प्रकाश पांडे, एडवोकेट आनंद यादव, एडवोकेट नवीन प्रजापति, एडवोकेट अतुल प्रकाश यादव, एडवोकेट विनय श्रीवास्तव, एडवोकेट सुनील यादव, एडवोकेट आशीष निषाद एडवोकेट जगदीश सोनकर एडवोकेट विष्णु गुप्ता एडवोकेट वरुण श्रीवास्तव एडवोकेट दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट जयप्रकाश गौतम एडवोकेट गुड्डू खान एडवोकेट राजेश मौर्य एडवोकेट रवी यादव एडवोकेट रामकृपाल यादव एडवोकेट आर्यन और कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति के लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग नामांकन में शामिल हुए और सभी लोगों ने इस युवा अधिवक्ता के हाथो को मजबूत करने का वादा किया । शैलेंद्र यादव ने मीडिया बातचीत के दौरान बताया कि कलेक्ट्रेट अधिवक्ता समिति में बार बेंच में सामंजस और युवा अधिवक्ताओं की 50% की हिस्सेदारी बार में सीनियर अधिवक्ताओं के बैठने के उत्तम व्यवस्था तथा हर बार के रजिस्टर अधिवक्ता को 10 लाख का मेडिक्लेम तथा मरणोपरांत मिलने वाली सहयोग राशि 2 लाख करना आकस्मिक एक्सीडेंट या इलाज के लिए 50000 से 1 लाख तक का बार से सहयोग दिलाए जाने का वादा किया और भ्रष्टाचार को मिटाने का पूरा समर्थन किया, और कहा कि पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा में हम हमेशा सबसे आगे खड़े मिलेंगे क्योंकि हम पूर्व से ही अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवाज उठाते रहे हैं और आगे भी हमेशा उठाते रहेंगे।



# आधुनिक शिक्षा के साथ दीनी तालीम लेना जरूरी: मौलाना वसीम शेरवानी

## जलसे में हिफ़्ज के 22 छात्रों की हुई दस्तार बन्दी

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)।एदारा उलूम इस्लामिया के मस्जिद कुवतुल इस्लाम आजाद पर बुधवार को एक भव्य जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें हाफिज की पढ़ाई पूरी कर चुके 22 छात्रों की दस्तारबंदी की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र व समाज के गणमान्य सदस्य और परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना वसीम शेरवानी उपस्थित रहे। जलसे की शुरूआत कुरान-ए-पाक की तिलावत से हुई इसके पश्चात अतिथि के रूप में उपस्थित हुए मौलाना वसीम शेरवानी ने जलसे को सम्बोधित करते हुए कहा कि मॉडर्न शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक इल्म भी सीखना चाहिए। इससे बच्चा जब दुनिया के किसी विभाग में काम के लिए जाएगा तो न्याय करेगा न कि रिश्वत लेगा और भ्रष्टाचार करेगा। इल्मदीन पर जोर देते हुए कहा कि एक हाथ मे साइंस तो दूसरे हाथ में कुरान होना चाहिए। जिससे सही मार्ग पर चलते हुए देश तरक्की में अहम योगदान देगा जिसे देश और प्रदेश विकास की तरफ अग्रसर हो सके। उन्होंने दस्तारबंदी की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दस्तारबंदी न केवल धार्मिक शिक्षा पूर्ण होने का प्रतीक है बल्कि यह बच्चों को सही मार्ग पर चलने और समाज मे सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा भी देती है। इस दौरान लगभग दो दर्जन बच्चों को पगड़ी बाँध कर सम्मानित किया गया जो उनके धार्मिक सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव को दर्शाती है। वही जलसे में मदसरा के सेक्रेटरी मिर्जा अजफर बेग ने जलसे को सम्बोधित करते हुए कहा कि दस्तारबंदी बच्चों की मेहनत, उनके परिवार की दुआओं और समुदाय के सहयोग का परिणाम है। यह उनके उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करता है। कार्यक्रम के अंत में देश-दुनिया में अमन, चैन और शांति के लिए दुआएं की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अब्दुल मुनीम खां,हाफिज अबू सहमा,डॉ0 अलाउद्दीन खान, एजाज अहमद, डॉ. अबू उमर, अल्तमश बरलास, हाफिज जफर, डॉ. शादाब, प्रधनाचार्य नौशाद अहमद, मौलाना फरीद, आरिफ व अरशद मौजूद रहे।



# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन दोषियों को चार चार साल की हुई सजा, जुर्माना भी लगा

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोर्ट से अपर सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) रूपाली सक्सेना की अदालत ने आज बक्सा थाना क्षेत्र के सड़ेरी गांव में भूमि विवाद के दौरान वादी के पिता की गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन दोषियों को चार साल की सजा सुनाई है। दोषियों में दो भाई और एक महिला शामिल हैं। साथ ही, अदालत ने प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

वादी मुकदमा त्रिवेणी यादव ने बक्सा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि 19 नवंबर 2006 को शाम 5 बजे, उनके चचेरे भाई विनोद कुमार, जवाहरलाल और जवाहर की पत्नी गायत्री उनके पौधरोपण वाली भूमि में मिट्टी खोदकर गड्ढा बना रहे थे। जब उनके पिता राम लखन ने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। गायत्री के उकसाने पर विनोद और जवाहर ने लाठी-डंडों से राम लखन पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने राम लखन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की जांच कर केस डायरी अदालत में प्रस्तुत की। आगे अदालत की कार्रवाई सरकारी वकील आशीष कुमार सिंह ने कोर्ट में इस मामले से संबंधित गवाहों का बयान दर्ज कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने विनोद कुमार, जवाहरलाल और गायत्री को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया। अदालत ने तीनों दोषियों को चार साल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं पी0एम0 विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक 7 जनवरी 2025 को मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम की अध्यक्षता मे विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का शुभारम्भ 24 जनवरी 2025 को यू0पी0 दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा किया जाना है उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद को 250 का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। जिसके आवेदन हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी को अधिक से अधिक आवेदन कराने एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आरसेटी के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराने एवं प्राप्त आवेदन को तत्काल वितरित करने के निर्देश दिये गये तथा पी0एम0 विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत द्वितीय स्तर पर लम्बित आवेदनों को समस्त खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा सत्यापन कराते हुए उपायुक्त उद्योग को अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों ने किया प्रदर्शन

## मुकेश चन्द्राकर की हत्या के विरोध में निकाला मौन जुलूस

## पत्रकार कल्याण समिति ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जनपद में बुधवार को सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौन जुलूस निकाला। पत्रकारों ने इस हत्या के बाद सीबीआई जांच की मांग करते हुये राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया।

जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को पत्रकार कल्याण समिति के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में मौन जुलूस निकाला। जुलूस के बाद पत्रकारों ने राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की गयी।

इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिराज सिन्हा, अजय शुक्ला, शिविन्द्र प्रताप सिंह, नीरज सिंह, संतोष राय, रविन्द्र मिश्र, बृजेश मिश्र, जुबेर अहमद, मो. अब्बास, आदित्य भारद्वाज, वरूण यादव, अंकित श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक शुक्ल, विनोद विश्वकर्मा, नितिश कुमार, स्वदेश कुमार, वत्सल गुप्ता, विरेन्द्र पाण्डेय, सुशील स्वामी, काजू सिंह, अतुल तिवारी, प्रो. आशाराम यादव, अमित मिश्रा, इम्तियाज अहमद, जेड हुसैन सहित तमाम सम्पादक, पत्रकार, छायाकार आदि प्रमुख रहे।






### पत्रकारों की एकजुटता और विरोध

इस मौके पर जौनपुर जिले के पत्रकारों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की हत्या के विरोध में अपनी आवाज बुलन्द की। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच कराने की मांग किया। साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात की। इसके अलावा मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की भी मांग की गयी। ज्ञापन के बाद सभी पत्रकारों ने पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके पुष्पांजलि अर्पित किया।

### पत्रकारों की सुरक्षा पर जोर

इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह ने देश में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं का जिक्र करते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जौनपुर में हुये पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड की याद भी दिलाई जिसमें जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते पत्रकार की जान चली गयी। ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय आस्थना सहित अन्य पत्रकारों ने कहा कि अगर पत्रकार असुरक्षित होंगे तो देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। सभी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर को सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा करने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी।

### मुकेश चन्द्राकर के परिजनों को न्याय की मांग

ज्ञापन में मुकेश चन्द्राकर के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, हत्याकाण्ड की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गयी है। वरिष्ठ पत्रकार कमर हसनैन दीपू ने कहा कि जब पूरा देश नया साल मना रहा था तो हम सब पत्रकार साथी मुकेश चन्द्राकर की हत्या पर शोक में डूबे हुये थे। उन्होंने इस मामले की जल्द जांच के साथ न्याय मिलने की आवश्यकता पर बल दिया।

### कई वरिष्ठ पत्रकारों ने व्यक्त की चिन्ता

इस मौके पर कई वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किये और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर किया। इनमें राजकुमार सिंह, कमर हसनैन दीपू, दीपक श्रीवास्तव, रामजी जायसवाल, मंगला प्रसाद तिवारी, अजीत सिंह, बृजेश मिश्रा, हिम्मत बहादुर सिंह, शशि मौर्या, शशिराज सिन्हा, दीपक मिश्रा, रविन्द्र मिश्रा, राजेश मिश्रा, विनय शुक्ल, अरविन्द पटेल, जावेद अहमद, काजू सिंह, देवेन्द्र खरे, बृजेश विश्वकर्मा आदि प्रमुख थे।

### पूर्व सांसद सहित तमाम राजनीतिज्ञों ने जताया शोक

वहीं जानकारी होने पर कलेक्ट्रेट पहुंचे पूर्व सांसद श्याम सिंह यादव, सपा नेता राहुल त्रिपाठी सहित तमाम राजनीतिज्ञों ने मृतक के आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया। साथ ही हत्यारों को फांसी देने के लिये सरकार से मांग भी किया।

### पत्रकार भवन में की गयी श्रद्धांजलि सभा

जिला प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद सभी पत्रकार कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा किया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने नम आंखों से मुकेश जी को याद किया। साथ ही श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार से मांग किया कि हत्यारों को फांसी देने की पहल करें और मृतक के परिजन को 1 करोड़ का मुआवजा देते हुये परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय।

# सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। परिवहन आयुक्त लखनऊ द्वारा प्रदेश में बढती सड़क दुर्घटनाओं में घायलों/मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने एवं आम जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाये जाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चालकों एवं बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चालको को पुष्प देकर सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया और उन्हें भविष्य में वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट लगाने के निर्देश दिए गए। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सत्येन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन में यात्रीकर/मालकर अधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा अभियान का संचालन किया गया। उक्त अवसर पर समस्त प्रवर्तन कार्मिक मौजूद रहे।



# सद्भावना क्लब का चुनाव 12 जनवरी को

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद की सामाजिक संस्था सद्भावना क्लब की बैठक अध्यक्ष हफीज शाह की अध्यक्षता में शिया इंटर कॉलेज में हुई।



जिसमें आगामी सत्र के अध्यक्ष के चुनाव के लिए पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर को चुनाव अधिकारी चुना गया। उन्होंने कहा की नौ और दस जनवरी को नामांकन और बारह जनवरी को चुनाव संपन्न होगा। पूर्व अध्यक्ष डॉ अलमदार नजर व आशीष साहू ने कहा की जो सदस्य सक्रिय रूप से क्लब को गतिशील बनाए उसको अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू व नरसिंह अवतार जायसवाल ने कहा की किसी भी संस्था की गतिशीलता का पैमाना नेतृत्व परिवर्तन से होता है संस्था को चुनाव के माध्यम से एक सक्रिय अध्यक्ष प्राप्त होगा।

# अनुशासन सिखाता है खेलः अजय सिंह

## खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। विकासखण्ड शाहगंज सोंधी के ग्राम सभा सबरहद के सर सैय्यद इण्टर कॉलेज के खेल मैदान में बुधवार की सुबह युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग जौनपुर के तत्वाधान में खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। खेल-कूद प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमें अनुशासन सिखाता है।खेल से आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।जिससे राष्ट्र प्रेम पैदा होता है। परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नही बस इसे निखारने की जरूरत है। खेलकूद प्रतियोगिता में 200 मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर गरिमा, नेहा राजभर व अन्नू रही। बालक वर्ग से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर नेहाल, अमन व दीपक रहे। 400 मीटर की दौड़ में बालिका वर्ग से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर नेहा, पूजा भारती व रूबी गौतम रही। बालक वर्ग से क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर मनीष, दीपक व सिकन्दर रहे। 800 मीटर की दौड़ में क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद कैफ व मनीष रहे। कबड्डी में बालिका वर्ग से सबरहद विजेता और उपविजेता सदरपुर कैथौली की टीम, बालक वर्ग से मजडीहा विजेता और उपविजेता सबरहद की टीम रही। बॉलीबाल में सबरहद की टीम विजेता और मजडीहा कि टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाया गया और उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जेई शशिकांत कुमार,रहमान, मुन्नू, सफर शेख, रामुजागिर, गोलू यादव, शिशिर यादव, मिर्जा जरयाब बेग, प्रधान मुकेश राजभर समेत आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजक विकास विश्वकर्मा ने आगन्तुको के प्रति आभार व्यक्त किया, संचालन प्रधानाचार्य शाहिद नईम ने किया।



# मारपीट के मुकदमें से संबंधित दो वारंटी गिरफ्तार

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा,** जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कुशहा गांव से मारपीट के मुकदमा से संबंधित दो वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बाबत थाना अध्यक्ष सिंगरामऊ यजुवेंद्र सिंह ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट से संबंधित दोनों वारंटी अभियुक्त अरविंद पुत्र राजदेव एवं संगीता पत्नी राजदेव निवासीगण ग्राम कुशहा थाना सिंगरामऊ को बुधवार की सुबह उनके घर से गिरफ्तार किया गया।



# बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन, चोरी करने वालों की खैर नहीं

**गुड़िया राज,** केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डोभी के बिसौरी, कोपा, लहरचक, पतरही समेत कई गांवो में बिजली विभाग ने बकाया विघुत बिल की वसूली को लेकर एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे गए। मौके पर ही कई बिजली उपभोक्ताओ ने बिल का भुगतान किया। विभाग ने सभी से समय पर भुगतान करने की अपील की हैं। इस अभियान के दौरान जेई पंकज कुमार रावत, प्रदीप कुमार, गुड्डू सिंह, रामप्रवेश मौर्या, राकेश नाविक, (विधुत सखी) गुड़िया बिन्द, मुन्ना चौबे मौजूद रहे।



# महाकुंभ 2025 : जौनपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्ग से सबसे ज्यादा भीड़ आने का अनुमान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में यातायात को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। यातायात पुलिस ने प्रमुख स्नान पर्व और सामान्य दिनों के लिए यातायात योजना तैयार कर ली है। प्रयागराज आने वाले सभी 7 प्रमुख मार्गों पर यातायात प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। ऐसा अनुमान है कि जौनपुर-मुंगराबादशाहपुर-फूलपुर, रीवा-बांदा और वाराणसी मार्गों से सर्वाधिक ट्रैफिक आ सकता है।जबकि कानपुर और मिजार्पुर मार्ग से भी बड़े पैमाने पर लोगों के आने का अनुमान है। ऐसे में आने वाले लोगों को बिना किसी असुविधा के पावन स्नान कराने के लिए यातायात को सुदृढ़ किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बार महाकुंभ में 40 करोड़ से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है और यातायात पुलिस सभी के स्वागत को तैयार है। जौनपुर-मुंगराबादशाहपुर-फूलपुर मार्ग से सर्वाधिक ट्रैफिक की संभावना यातायात पुलिस के द्वारा तैयार की गई यातायात योजना के अनुसार विभिन्न दिशाओं से महाकुंभ मेला और कमिश्नरेट क्षेत्र में आने के 7 प्रमुख मार्ग हैं। इनमें जौनपुर मार्ग, वाराणसी मार्ग, मिजार्पुर मार्ग, रीवा/बांदा मार्ग, कानपुर मार्ग, लखनऊ मार्ग और प्रतापगढ़ मार्ग शामिल हैं। अनुमानित यातायात के अनुसार सर्वाधिक 21 प्रतिशत यातायात जौनपुर-मुंगराबादशाहपुर-फूलपुर मार्ग से होने की संभावना है। जबकि रीवां/बांदा मार्ग से 18 प्रतिशत लोगों के आने का अनुमान है। इसी तरह, वाराणसी मार्ग से 16 प्रतिशत, कानपुर मार्ग से 14 प्रतिशत, मिजार्पुर मार्ग से 12 प्रतिशत लोग आ सकते हैं। वहीं, लखनऊ मार्ग से 10 प्रतिशत और प्रतापगढ़ मार्ग से 9 प्रतिशत लोगों के आने की संभावना है। मेला क्षेत्र में पैदल यात्रियों के लिए एकल मार्गों का निर्धारण सामान्य दिनों के लिए सभी प्रमुख 7 मार्गों की अलग-अलग यातायात योजना तैयार की गई है। बड़े एवं छोटे वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है। सामान्य दिनों में पैदल यातायात पर शहर क्षेत्र में किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। लेकिन मेला क्षेत्र में एकल दिशा मार्गों का प्रयोग होगा। साथ ही साथ अगर सामान्य दिनों में भीड़ अत्यधिक होती है तो एसएसपी कुम्भ मेला द्वारा मौके की स्थिति के अनुसार डायवर्जन का निर्णय लिया जाएगा।



# पुलिस रेझींग डे सप्ताह 2025 साधना कॉलेज में आयोजित





* विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रैली के माध्यम से किया गया सामाजिक समस्याओं के प्रति जनजागरण

* साइबर अपराधों से बचने व सड़क सुरक्षा पर छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**ठाणे (उत्तरशक्ति)।** पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से, ठाणे पुलिस उपायुक्त सर्कल 5, ठाणे के अंतर्गत श्रीनगर पुलिस स्टेशन, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गुलजारीलाल फडतारे, पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर श्रीनगर पुलिस स्टेशन सीमा के साधना हिंदी व अंग्रेजी जूनियर कॉलेज, रामनगर ठाणे में 03 जनवरी व 06 जनवरी 2025 को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने क्षेत्र के कैलास नगर, शांति नगर, हनुमान नगर में रैली निकाली और सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया। एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड के सपोनी गावित ने छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और इसके दुष्प्रभावों, मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग और इसके दुष्प्रभावों, बैंकों और मोबाइल फोन द्वारा भेजे गए धोखाधड़ी वाले संदेशों और लोगों को धोखा देने जैसे मामलों पर मार्गदर्शन किया। श्रीनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गुलजारीलाल फड़तरे, कॉस फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेश मोरे ने उपस्थित बच्चों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दिया। साथ ही क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, ठाणे की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्य परिवहन मुख्य अधिकारी हेमांगिनी पाटिल, सहायक परिवहन अधिकारी शशिकांत तिरसे, उप परिवहन अधिकारी रोहित काटकर, मुख्य परिवहन अधिकारी शिवानी सोमवंशी, मोटर वाहन निरीक्षक हरीश पवार, प्रशांत शिंदे, संस्थान के अध्यक्ष रमेशचंद्र मिश्रा, परिवहन विभाग के अधिकारी, अधिकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, स्कूल के प्राचार्य, सभी शिक्षक, अभिभावक और 400 से 450 छात्र उपस्थित रहे। इस मौके पा गुरु मोटर ट्रेनिंग के संचालक गायकवाड को कॉलेज के बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में हर तीन माह में जानकारी देने के लिए नियुक्त किया है।

## सुशासन के लिए दंड विधान अनिवार्य है: प्रेमभूषण महाराज



नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। आओ गायें रामकथा घर घर में इस आध्यात्मिक आंदोलन के प्रणेता, मानस के सिद्ध साधक, व्यवहार घाट के ओजस्वी वक्ता क्रांतिकारी संत पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज ने नालासोपारा पूर्व में आयोजित नौ दिवसीय मानस महाकुंभ के विश्राम दिवस पर जटायु वध प्रसंग को स्मरण करते हुए कहा कि, जगत के लोगों की मृत्यु पर जगत रोता है किंतु जटायु जी की मृत्यु पर जगदीश रोये इसलिए जटायु जी धन्य हैं, सबसे बड़े सौभाग्यशाली हैं।

मानव जीवन सत्कर्मों के पुण्य का परिणाम है।कर्म का फल सब को खाना पड़ता है, इसलिए कर्म करते समय सावधान रहना चाहिए।रामकथा विश्वास करने पर ही फल देती है। इन्द्रिय भोग में अकेले लिप्त रहने वाले जीव को सत्कर्म करते समय साथ ढूढ़ने से सत्कर्म छूट जाता है। बालि सुग्रीव प्रसंग से पूज्यश्री ने सर्वमान्य व्यवहार की बात बतलाते हुए कहा कि, निंदा करते समय व्यक्ति अपने को सेफ मोड पर रखता है।अपने दोष की चर्चा भी नहीं करता। दंड विधान की व्यवस्था न होने पर प्रजा निरंकुश हो जाती है। परिवार,समाज, संस्थान एवं देश की सत्ता, व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालन हेतु दण्ड विधान होना ही चाहिए फिर चाहे वह देश, समाज में दण्ड विधान अनिवार्य है। प्रेमभूषण महाराज ने अपनी कथा को विस्तार देते हुए बालि वध,लंका दहन,लंका विजय पश्चात प्रभु माता सीता जी और लक्ष्मण जी वानर साथियों के संग अयोध्या जी पहुँचने और गुरू वशिष्ठ जी की अनुमति से रामराज्याभिषेक महोत्सव तक का व्यास और समास विधि से वर्णन करते हुए कथा पूर्ण करके नौ दिवसीय मानस महाकुंभ को सम्पन्न किया। बिजेंद्र रामचंद्र सिंह के संयोजन और मुख्य यजमान श्रीमती मीरा बिजेंद्र सिंह के संकल्प से मानस महाकुंभ में मुम्बई प्रधान गणेश अग्रवाल, श्रीमती श्रद्धा प्रिंस सिंह,सुश्री शिवानी सिंह,, ,प्रभात सिंह बब्लू, ,सुधाकर सिंह''विसेन,आर. डी. सिंह' वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह,समाज सेवक रामा चौबे, मंजय तिवारी, रमेश चौबे,मिथिलेश सिंह,सतीश सिंह,श्रीमती अशोका तिवारी एवं दिनेशप्रताप सिंह,अशोक सिंह आशावादी,सरिता चौबे, रेखा गुप्ता आदि जन अवगाहन करते हुए अपना सौभाग्यवर्धन किया।

## मंदिरों से गायब कर देता था दानपात्र, पुलिस ने पकड़ा, चोरी के रुपये और औजार बरामद



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के चोलापुर पुलिस ने मंदिरों के दानपात्र से रुपये चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से चोरी के 1,460 रुपये, विभिन्न औजार, एक एंड्रॉइड मोबाइल और एक बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की गई। पुलिस आरोपित से पूछताछ के साथ ही विधिक कार्रवाई में जुटी रही। 26 नवंबर 2024 को वादी ने थाना चोलापुर में कटका डीहबाबा मंदिर पलहीपट्टी के बाहर रखे दानपात्र से रुपये चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर शातिर चोर चौबेपुर थाना के छितौनी गांव निवासी दयाशंकर उर्फ अमन को ब्रह्मदेव बाबा मंदिर, भटपुरवा खुर्द के पास से गिरफ्तार कर लिया। दयाशंकर ने बताया कि उसने मोटरसाइकिल किश्त पर ली थी और किश्त भरने के लिए मंदिरों के दानपात्र तोड़कर रुपये चुराए। उसने स्वीकार किया कि करीब डेढ़ महीने पहले कटका डीह बाबा मंदिर से तीन दानपात्र तोड़कर लगभग 8,000 रुपये चोरी किए थे।अधिकांश रकम खर्च हो चुकी थी जबकि शेष 1,460 रुपये उसके पास से बरामद हुए। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रभूषण, दयाशंकर यादव, हेड कांस्टेबल जगजीवन राम और रजनीश सिंह शामिल रहे।

## वाराणसी में समान रहा रात और दिन का तापमान ,कोल्डवेव के कारण ठिठुरती नजर आयी काशी



-डॉ.एस.के.मिश्र

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में बर्फीली हवाओं (कोल्डवेव) ने लोगों को कंपा दिया। दिन भर बादल छाए रहे और हवाएं भी 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। ये कोल्डवेव का ही असर रहा कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में महज 2.3 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा। ऐसा दस साल में पहली बार हुआ जब अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच इतना कम अंतर दर्ज किया गया। बीते मंगलवार को अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि औसत से 5.8 कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस वजह से रात जैसी ही कंपकंपाती ठंड दिन में भी लोगों को महसूस हुई। मौसम विभाग की ओर से तीन दिन शीतलहर चलने की आशंका जताई गई है। बीते मंगलवार को सुबह से ही नम हवाएं करीब 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रहीं। इस वजह से लोग ठंड से ठिठुर गए। सामान्य दिनों में जहां घाटों पर दिन में भी चहल-पहल दिखती है वहां सन्नाटा रहा। शाम को भी हवा चलती रही। इस कारण ठंड से किसी तरह की राहत नहीं मिली। तीन दिन तक कोल्डवेव के आसार बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. राजीव भाटला का कहना है कि पहाड़ों पर खूब बर्फबारी हो रही है। इस वजह से मंगलवार को दिनभर शीतलहर चलती रही। धूप भी नहीं निकली। पछुआ हवाओं में नमी भी बढ़ रही है। अभी तीन दिन तक कोल्डवेव के आसार हैं। हवा का रुख पछुआ से अगर पुरवा हुआ तो मौसम फिर बदल सकता है। बूंदाबांदी की संभावना है। चौथे दिन भी 10 घंटे देरी से पहुंची नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत कोहरे की वजह से मंगलवार को चौथे दिन भी नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत 10 घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची। जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घंटे, इंदौर-पटना एक घंटे, विशाखापत्तनम गोरखपुर फेयर स्पेशल साढ़े तीन घंटे, पटना-वाराणसी मेमू तीन घंटे, नई दिल्ली-बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, जनता एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे लेट रही। वहीं, बरकाकाना वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस पांच घंटे, पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, सारनाथ एक्सप्रेस तीन घंटे, कामायनी एक्सप्रेस दो घंटे, प्रयागराज संगम गाजीपुर सिटी तीन घंटे,गोरखपुर दादर स्पेशल दो घंटे, नीलांचल एक्सप्रेस ढाई घंटे विलंब से पहुंची। इसी तरह दून एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, स्वतंत्रता सेनानी साढ़े तीन घंटे, द्वारिका एक्सप्रेस एक घंटे, जोधपुर-वाराणसी सिटी एक घंटे, विभूति एक्सप्रेस दो घंटे, फरक्का एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, दानापुर-आनंद विहार जनसाधारण दो घंटे, बनारस ग्वालियर बुंदेलखंड एक्सप्रेस दो घंटे, ग्वालियर बनारस बुंदेलखंड एक्सप्रेस साढ़े आठ घंटे देरी से कैंट स्टेशन पहुंची।

## जौनपुर :पूर्वांचल कप 2025 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जौनपुर हुआ विजयी



जौनपुर(उत्तरशक्ति )। बेसिक शिक्षा परिषद के सौजन्य से विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल के मार्गदर्शन में जौनपुर में नव वर्ष के अवसर पर पूर्वांचल कप 2025 का आयोजन किया गया। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता रही जिसमे अलग अलग जनपद से अपनी प्रतिभागिता रही।प्रतियोगिता में जौनपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, प्रतापगढ़, बलिया, कौशाम्बी से टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पाली ग्राउंड मडियाहूं जौनपुर में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री बृजेश सिंह प्रिंसु रहे। कार्यक्रम संयोजक विनीत सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। आज प्रतियोगिता के क्रम में फाइनल मैच जौनपुर और गोरखपुर के बीच हुआ जिसमें जौनपुर पहले बल्लेबाजी करते हुए 167/10 विकेट बनायी जबकि गोरखपुर की टीम भी २० ओवर के 167/10 पर आल आउट हो गयी। सुपर ओवर में गोरखपुर ने पहले बल्लेबाजी करके 07 रन बनायी और जौनपुर की टीम आखिरी ओवर में विजयी हुई।मुख्य अतिथि द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा सभी कार्यक्रम को तन्मयता से किये जाने की सराहना की गई। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से रविचन्द्र यादव, विनीत सिंह. आशुतोष मिश्रा, प्रिन्स मौर्या, अतुल यादव एवं विजय कुमार यादव ग्रामप्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिग को ईट भट्ठा से भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में स्थित ईट भट्टा पर काम करने वाले मजदूर की नाबालिक पुत्री को भगाकर ले जाने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में नाबालिक के पिता ने आरोपी के खिलाफ बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक बदलापुर गजानंद चौबे ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी अनिरुद्ध कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम नथईखेड़ा थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव को श्री कृष्णा नगर रेलवे स्टेशन के पास से बुधवार की सुबह गिरफ्तार किया गया।

## फर्जी कम्पनी बनाकर ठगी करने वाला 01 शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डॉ0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो/वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन में एवं सहायक पुलिस अधिक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना लाइन बाजार के नेतृत्व में, थाना लाइन बाजार पुलिस टीम द्वारा फर्जी कम्पनी बनाकर जनता के पैसा फ्राड करने के सम्बन्ध में थाना लाइन बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2025 धारा 316(2),318(4),338,336(3),340(2) बीएनएस का वांछित अभियुक्त अशोक श्रीवास्तव र/ड बंशीधर श्रीवास्तव निवासी अमेहता पोस्ट रामपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त अशोक श्रीवास्तव र/ड बंशीधर श्रीवास्तव निवासी अमेहता पोस्ट रामपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर उम्र 53 वर्ष।

## प्रेमिका में मिलने आया प्रेमी धराया, पुलिस ने किया चालान

- विशाल सोनी

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। मोहब्बत में ऐसी कशिश होती है कि वो सात समुद्र के पार से भी खींच लाती है। मगर यहां मामला सात समुद्र का तो नहीं मगर आधा दर्जन जिलों को पार करते हुए प्रेमी पहुंच गया नगर स्थित एक मुहल्ले में अपने प्रेमिका से मिलने । बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर जनपद हरदोई का रहने वाला एक युवक अपने प्रेमिका से मिलने शाहगंज पहुंच गया यहां आ कर उसे प्रेमिका तो नहीं मिली बल्कि वह पहचान होने पर धर लिया गया । और जम कर दैहिक समीक्षा करने के बाद एक कमरे में बंद कर दिए। इसी दौरान उसके प्रेमिका के मोहल्ले के व्यक्ति ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया । सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी युवक को अपने साथ कोतवाली ले गई और आवश्यक लिखा पढ़ी के साथ उसका चालान न्यायालय प्रेषित कर दिया । वहीं प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह से पूछने पर उन्होंने ने कहा की डेढ़ साल पहले कुछ विवाद हुआ था।मंगलवार को वह युवक फिर पहुंच जिसे घर वालों से फिर विवाद हो गया।जिसे पुलिस सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया था।

## पीआरबी जवान के साथ मार पीट करने वाला युवक हुआ गिरफ्तार

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बीते महीने कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में झगड़े को सुलझाने पहुंची पीआरबी जवान के साथ मार पीट व अभद्रता करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तारी कर लिया । जानकारी के अनुसार कोतवाली अंतरगत ग्राम अरगुपुर कला निवासी धीरज सिंह पुत्र राम जीत सिंह को मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह , उप निरीक्षक सुनील कुमार , हेड कांस्टेबल मुन्ना लाल यादव, कांस्टेबल अमित कुमार यादव की टीम ने बीबीगंज बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया और पुलिस उसे कोतवाली ले आई ।जहां पर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद उसका चालान न्यायालय प्रेषित कर दिया गया।

## वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में 100 साल से बंद पड़ा मंदिर खोला गया



-सुरेश गांधी

वाराणसी। दशाश्वमेध क्षेत्र के मदनपुरा इलाके में पिछले सैकड़ों वर्षों से मुस्लिम बहुल इलाके में बंद पड़पड़े सिद्धेश्वर महादेव मंदिर को बुधवार को खोल दिया गया है. मंदिर के अंदर 3 खंडित शिवलिंग मिले हैं, जिसकी पुनर्स्थापना खरमास के बाद की जाएगी और मंदिर परिसर में पूजा-पाठ भी शुरू होगी.

डीसीपी काशी गौरव बंसवाल ने बताया कि मदनपुरा इलाके में 100 से ज्यादा सालों से बंद पड़े शिव मंदिर को खोला गया है. मंदिर के अंदर बहुत धूल और मिट्टी थी, जिसको नगर निगम की टीम की मदद से बाहर निकाला गया. पूरे इलाके में पुलिस और पीएसी के जवानों की गयी है। मंदिर में पूजा-पाठ के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मंदिर सार्वजनिक और किसी एक को अधिकृत नहीं किया जा सकता है. कोई भी आकर मंदिर में पूजा कर सकता है। एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने बताया कि मंदिर को खोले जाने का किसी ने भी विरोध नहीं किया. मंदिर में पूजा-पाठ पर जल्द निर्णय लिया जाएगा. 2 फिट से ऊपर मिट्टी जमा थी, जिसे नगर निगम के सहयोग से साफ किया गया है.

बता दें कि मंदिर खुलवाने के लिए 6 जनवरी को सनातन रक्षक दल के कार्यकर्ता और बंगाली महिलाओं ने शंखनाद किया था। महिलाओं ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा था कि जब कागज पर यह प्रमाणित हो चुका है कि इस मंदिर की जमीन नहीं बिकी है तो फिर मंदिर में पूजा शुरू करने की अनुमति दी जाए। मदनपुरा के गोल चबूतरा इलाके में स्थित मकान नंबर डी-31/65 के पास 17 दिसंबर को बंद मंदिर मिला था। सनातन रक्षा दल के कार्यकर्ता मंदिर में पूजा शुरू कराने पहुंचे थे, लेकिन प्रशासन ने स्वामित्व की जांच का हवाला देते हुए मामला शांत कर दिया।

पिछले दिनों जिला प्रशासन ने दस्तावेज की जांच की, जिसमें यह पाया गया कि मंदिर एक सार्वजनिक स्थल है। मंदिर से सटे भवन को मुस्लिम परिवार को बेचा गया था। मंदिर का कपाट खुलते ही भक्तों ने हर- हर महादेव का जयकारा लगाया। अधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर का कपाट खुला। मौके पर एडीएम सिटी और डीसीपी काशी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि शिव मंदिर के अंदर से खंडित शिवलिंग मिला है। भगवान शिव का मंदिर कई वर्षो से बंद पड़ा था। मंदिर कई वर्षों से बंद पड़े रहने के चलते मिट्टी जम गया था। ऐसे में नगर निगम वाराणसी की टीम से सफाई कराई जा रही है।











